(ख) रबी 1988-89 के अंत में अभी तक मध्य प्रदेश में बृहत फसल बीमा योजना के अंतर्गत कुल क्षतिपूर्ति दावे 19.57 करोड़ रुपए के हैं जिनमें से 16.50 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान किया जा चुका है। खरीफ 1988 मौसम के लिए 3 07 करोड़ रुपये के शेष दावों का, राज्य सरकार के 1/3 अंश की अप्राप्ति के कारण, अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है।

(ग) जी, हां। बृहत फसल बीमा योजना स्वैच्छिक प्रवृत्ति की है और राज्य सरकारें इस योजना में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। मध्य प्रदेश में खरीफ 1985 के बाद से 38282127 हैक्टेयर के क्षेत्र में 21456255 किसानों को इस योजना के अंतर्गत कवर किया गया है।

वर्ष	किसानों की कुल संख्या	भुगतान किए गए दावे (लाख रुपयों में)
1986-87	565744	1120.59
1987-88	574926	529.00
1988-89	262988	307.52
		(भुगतान किया जाना है)

देश में नए उर्वरक संयंत्रों की स्थापना

506. **श्री अजीत जोगी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय देश में नए योजना के दौरान उर्वरक संयंत्रों की स्थापना किए जाने का कोई प्रावधान किया गया है;

(ख) गैर-सरकारी क्षेत्र में तथा सरकारी क्षेत्र में कितने-कितने कारखाने स्थापित किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि हां, तो क्या मध्य प्रदेश में कोई नये कारखाने स्थापित किये जाने की संभावना है?

उप-प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल): (क) जी, हां। आठवीं योजना तैयार करने के लिए योजना आयोग द्वारा स्थापित किए गए उर्वरक संबंधी कार्यदल ने देश में आठवीं योजना अवधि के दौरान प्रत्येक 1350/2200 टन प्रतिदिन के तीन अमोनिया/यूरिया संयंत्रों के स्थापित किए जाने का सुझाव दिया है परंतु योजना को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

(ख) और (ग) निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले संयंत्रों की संख्या का निर्णय प्रवर्तकों के वित्तीय स्रोतों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। संयंत्रों के स्थान का निर्धारण क्षेत्र में समग्र मांग और आपूर्ति स्थिति तथा वहां फीडस्टाक की उपलब्धि पर निर्भर करेगा।

Late Running of Trains

507. SHRI VISHWASRAO RAMARAO PATIL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that most of the fast and superfast trains on Western, Central and Northern Zones have been considerably running late; and

(b) if so, what are the details thereof for the last three months, Zone-wise, trainwise?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) Punctuality has been by and large satisfactory except when running was affected by untoward/unforeseen circumstances.

(b) Zonewise punctuality of Mail/Express trains during last 3 months is as follows:—

Zonal Railway		(Percentage) Sept. 1989	Oct. 1989	Nov. 1989
Western	BG	95.6	94.9	95.6
	MG	98.3	98.3	98.5
Central	BG	93.5	93.8	93.7
Nortern	BG	94.2	95.8	92.6
	MG	98.2	98.5	98.1